हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 मार्च 2025

11 रेसिपी स्पर्धा में फतेहाबाद प्रथम, भट्टू कलां द्वितीय व रतिया ...



12 विभागों को सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने का...



## खबर संक्षेप

### मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण 27 तक

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण करवाने के लिए पोर्टल पुनः चालू कर दिया गया है जो कि 27 मार्च तक खुला रहेगा। उपायुक्त ने जिला के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि जिन किसानों ने किसी कारणवश अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया है वे समय रहते अपनी फसल का पंजीकरण करवा लें।

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स के त्रिवार्षिक चुनाव 22 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद के त्रिवार्षिक चुनाव 22 मार्च को प्रातः 10 बजे होटल सेवन स्पाइस में चुनाव अधिकारी एनसी वधवा की देखरेख में सम्पन्न होगा। यह जानकारी देते हुए सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस चुनाव में स्टेट बॉडी करनाल से भी प्रधान एवं अन्य पदाधिकारी भी पहुंचेंगे।

### एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने लोगों की जन समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्परता से निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का निदान करना है। समाधान शिविर में कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके समाधान के लिए बैठक में मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### पुलिस ने हेरोइन सहित महिला को किया काबू

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान महिला बहुतकनीकी कॉलेज क्षेत्र से एक महिला को हजारों रुपए की 6 ग्राम 35 मिली ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार की गई महिला की पहचान सुदेश रानी पत्नी लक्ष्मण दास पुत्र रामस्वरूप निवासी ढाणी तेजा सिंह के रूप में हुई है।

### मसीतां ने मान सरकार की कार्रवाई की निंदा की

**डबवाली।** हरियाणा जेजेपी के वरिष्ठ नेता सरबजीत सिंह मसीतां ने भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर की जबरदस्ती और अलोकतांत्रिक गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे शर्मनाक राजनीतिक जुल्म करार देते हुए कहा कि यह कार्रवाई आम आदमी सरकार की किसान विरोधी और तानाशाही सोच को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और बीजेपी गठजोड़ ने किसानों की आवाज को रौंदने की साजिश की व किसानों को धोखे से गिरफ्तार किया गया।

## लगातार हो रहे परिवर्तन से फसल पर लग सकते हैं कीट एवं रोग

# तापमान 32 पार, गेहूं को लेकर कृषि विशेषज्ञ चिंतित, आज से मौसम बदलने की संभावना

**सलाह :** बढ़ते तापमान से बचने के लिए किसान गेहूं की फसल में हल्की सिंचाई अवश्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से तेज हवाएं चलने और बादलवाही के बाद अब फिर तेज धूप निकलने के चलते तापमान में फिर बढ़ोतरी हो रही है। वीरवार को यहां का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। तापमान बढने से कृषि विशेषज्ञ भी चिंतित है। गेहूं विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि 31 मार्च तक खेतों में सिंचाई करें। मौसम विभाग ने 21 मार्च से फिर मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। एचएयू हिसार मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि इस दौरान पश्चिमी हवाएं चलेंगी। 25 मार्च तक तापमान में ओर बढ़ोतरी होगी। मार्च माह में तीन सप्ताह बीत चुके है। ऐसे में गर्मी का सीजन की भी शुरूआत होने लगी है। तापमान में बढ़ोतरी को लेकर कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि मार्च महीने के अंत के दौरान लगातार मौसम में हो रहे परिवर्तन से गेहूं की फसल में कुछ कीट एवं रोग लग सकते हैं। जिसको देखते हुए गेहूं की फसल में किसानों के लिए 31 मार्च तक आवश्यकता के अनुसार सिंचाई करें।

**खास बातें**

- वीरवार को यहां का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। तापमान बढ़ने से किसान भी चिंतित है



### 25 और 26 मार्च को फिर बदलेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार 25 और 26 मार्च को एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय होने की संभावना है। इससे हरियाणा में एक बार फिर आंशिक बादल छाए रहेंगे। मार्च महीने के अंत तक लगातार मौसम परिवर्तनशील और तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। बता दें कि, हरियाणा में 13 मार्च को आए पश्चिमी विक्षोभ के कारण ओलावृष्टि और बारिश देखने को मिली थी, इसके बाद से तापमान लगातार 30 डिग्री के आसपास बना हुआ था। 12 मार्च को तापमान 36 डिग्री तक पहुंच गया था।

### तापमान 35 के ऊपर जाने पर गेहूं पर पड़ेगा बुरा प्रभाव

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के गेहूं एवं जौं अनुभाग ने बताया है कि दिन का तापमान 30 से 32 डिग्री व रात का तापमान 15 डिग्री से नीचे रहता है तो किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। रात व दिन का तापमान मिलाकर औसत 22 डिग्री सेल्सियस गेहूं की पैदावार के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। औसत तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक को फसल सहन कर सकती है, परंतु दिन का तापमान 35 डिग्री से ऊपर होने पर गेहूं के बनने वाले दानों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। फतेहाबाद के कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने एचएयू के हवाले से बताया कि बढ़े हुए उच्च तापमान से बचने के लिए किसानों को आवश्यकता अनुसार हल्की सिंचाई करनी चाहिए। जब तेज हवा चल रही हो तो किसान सिंचाई को तुरंत रोक दें, अन्यथा फसल गिरने से नुकसान हो सकता है। अगर हवा नहीं चलती तो गेहूं की फसल में सिंचाई जरूर करें। किसानों को सलाह दी गई है कि जिन किसानों के पास फव्वारा सिंचाई की सुविधा है, वह दोपहर को तापमान वृद्धि के समय आधा घंटा फव्वारे से सिंचाई कर सकते हैं।

### पोटाशियम क्लोराइड के छिड़काव की दी सलाह

*हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के गेहूं एवं जौं अनुभाग ने किसानों को कहा है कि गेहूं में बालियां निकलते समय या अगेती गेहूं जिनकी बालियां निकली हुई हैं, तो भी 0.2 प्रतिशत पोटाशियम क्लोराइड यानि 400 ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश (पोटाश खाद) 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करने से तापमान में अचानक हुई वृद्धि से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। पछेती बीजी गई गेहूं में पोटाशियम क्लोराइड का छिड़काव 15 दिन के अंतराल में दो बार करें।प्रदेश में 25 मार्च तक मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण राज्य में बीच-बीच में आंशिक बादल व रात्रि को हवाओं व गरज चमक के साथ उत्तर पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्रों में कुछ एक स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना है। 21 मार्च से मौसम आमतौर पर खुश्क रहने की संभावना है तथा पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना से 25 मार्च तक दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।* **-डॉ. मदन खिचड़, विभागाध्यक्ष मौसम विज्ञान विभाग, एचएयू हिसार**

### पीएम आवास के तहत जिला के 150 लाभार्थियों को जारी की पहली किश्त

**फतेहाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के 36 हजार पात्र लाभार्थियों को वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पहली किश्त जारी करते हुए प्रदेश के सभी लाभार्थियों को शुभकामनांए दी। उन्होंने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का दायित्व है कि वह हर गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करवाएं और उसी दायित्व को पूरा करने के लिए केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार तेजी से कार्य कर रही है। फतेहाबाद के लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त मनदीप कौर ने बटन दबाकर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिला के 150 लाभार्थियों को पहली किश्त जारी की। उन्होंने बताया कि पहली किश्त के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को घर बनाने की शुरूआत करने के लिए 45 हजार रुपये मिलेंगे। अन्य शेष लाभार्थियों को प्रथम किश्त जारी करने का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास योजना का चरण 2.0 चलाया गया है जिसमें नये परिवारों का नाम जोड़ा जा रहा हैं।

- सीएम ने प्रदेश के सभी लाभार्थियों को बधाई दी
- लाभार्थी को घर बनाने की शुरूआत करने के लिए 45 हजार रुपये मिलेंगे

# शम्भू और खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटाने के विरोध में केंद्र और पंजाब सरकार का पुतला फूंका

## किसान नेता डल्लेवाल सहित अन्य किसानों को रिहा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शम्भू और खनौरी बार्डर से किसानों को हटाए जाने और किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल सहित अन्य किसानों की गिरफ्तारी के विरोध स्वरुप वीरवार को सिरसा के लघुसचिवालय परिसर में किसानों ने पंजाब व केंद्र सरकार का पुतला फूंका। किसानों के रोष को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। रोष प्रदर्शन कर रहे भारती किसान एकता से जुड़े अंग्रेज सिंह कोटली व प्रकाश ममेरां, गुरप्रीत व गुरलाल ने कहा कि इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी मुख्यमंत्री ने इस प्रकार के हथकंडे अपनाकर किसानों को जबरन बॉर्डर से हटाया हो। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से एमएसपी गारंटी कानून सहित तमाम मांगों को लेकर 7वें दौर की वार्ता चल रही थी, लेकिन उससे पहले ही पंजाब की भगवंत मान सरकार ने पहले धोखे से किसानों को मीटिंग के लिए बुलाया और पीछे से दोनों बॉर्डरों शंभू व खनौरी पर शांतिपूर्वक तरीके से बैठे किसानों को हिरासत में लेकर किसानों की पीठ में छुर्रा घोंपने का काम किया है, जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार ने ये घिनौता कृत्य किसके इशारे पर किया है, ये सोचने वाली बात है। जो मुख्यमंत्री कल तक किसानों के हित की बात करता था, आज वह किसानों का विरोधी कैसे हो गया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का ये निर्णय कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने पंजाब सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द हिरासत में लिए गए किसानों को नहीं छोड़ा गया तो किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।



**सिरसा।** पंजाब सरकार का पुतला फूंकते किसान।

*बिश्नोई जीव रक्षा सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने लोगों से की अपील*

# पक्षियों की रक्षा कर दाने और पानी की व्यवस्था करें: इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

बिश्नोई जीव रक्षा सभा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष व बिश्नोई सभा डबवाली के सचिव इन्द्रजीत बिश्नोई ने वीरवार को गौरेया दिवस के अवसर पर सभी लोगों से नन्ही चिड़ियों व अन्य पक्षियों की रक्षा करने व उनके लिए दाना पानी की व्यवस्था करने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्री गुरु जम्भेश्वर भगवान द्वारा बताए नियम संख्या-18 में जीव दया पालणी यानि जीवों पर दया करने के लिए कहा गया है। अर्थात पशु-पक्षियों को कभी भी मारना नहीं चाहिए क्योंकि यह वातावरण का सन्तुलन बनाने के साथ-साथ वातावरण को सुन्दर भी बनाते हैं। वन्य प्राणियों व तरह-तरह के पक्षियों को देखकर, उनकी मधुर चहचहाट सुनकर हर व्यक्ति का मन आनन्दित हो जाता है। बिश्नोई घरों में नन्ही चिडिय़ा व कबूतर आदि आम देखने को मिलेंगे। बिश्नोई समाज की महिलाएं सुबह सवेरे नहाने के बाद सबसे पहले पक्षियों को छत पर दाना डालती हैं, फिर हवन एवं उसके बाद और घर के घरों व सार्वजनिकों स्थानों पर पक्षियों के लिए घोंसले व सकोरे जरुर लगाएं।

### 20 मार्च को मनाया जाता है गौरैया दिवस

इंद्रजीत बिश्नोई ने बताया कि हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है ताकि घरों में चहकने वाली इन नन्हीं चिड़ियों की घटती आबादी को लेकर जागरूकता फैलाई जा सके और इनके संरक्षण के लिए कदम उठाए जाएं। इस दिवस की शुरुआत 2010 में भारत की नेचर फॉरएवर सोसाइटी द्वारा की गई थी। गांवों की शांत सुबह से लेकर शहरों की व्यस्त गलियों तक, कभी गौरैया की चहचहाहट आम बात थी। ये नन्हीं चिड़ियाघरों, मंदिरों और पेड़ों में बसेरा करती थीं। लेकिन समय के साथ, इनकी संख्या तेजी से घटती गई और अब यह एक दुर्लभ दृश्य बन चुकी हैं। गौरैयाओं के लुप्त होने के पीछे कई कारण हैं, जिनमें शहरीकरण, प्रदूषण और कीटनाशकों का बढ़ता उपयोग शामिल हैं। इन चुनौतियों को देखते हुए संरक्षण कार्यकर्ताओं और पर्यावरणविदों ने इनके बचाव के लिए कदम उठाने शुरू किए हैं।

**पुलिस की चेतावनी**

# सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डालने वालों की खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अपराध तथा अपराधियों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस अब सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो अपलोड करने वालों पर भी पैनी नजर रखेगी तथा ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया है कि कुछ लोग हथियारों के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया साइट्स जैसे फेसबुक/इंस्टाग्राम व ट्विटर आदि के पेज पर पोस्ट कर समाज में अपना रुतबा दिखाने तथा दहशत फैलाने का प्रयास करते हैं,जोकि पूरी तरह से गैरकानूनी है । पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए है कि सोशल मीडिया साइट्स पर जो लोग हथियारों का प्रदर्शन करते है,उन लोगों की सूची तैयार करें और उनके खिलाफ संबंधित थानों में मुकदमे दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए,और साथ ही ऐसे लोगों के शस्त्र लाइसेंस भी रद्द करने की कवायद शुरू की जाए। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि सोशल साइट्स पर हथियारों के साथ अपनी फोटो पोस्ट करने का प्रचलन सा हो गया है।

*सभी सदस्यों ने सहमति जताई व शुभकामनाएं दी*

# भाविप रतिया चुनाव: सिंगला अध्यक्ष और लोकेश खुराना सचिव चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

भारत विकास परिषद शाखा रतिया की नई कार्यकारिणी के निर्वाचन के लिए चुनावी बैठक मदर इंडिया स्कूल में हुई। बैठक में चुनावी पर्यवेक्षक के तौर पर हरियाणा पश्चिम के जिला फतेहाबाद के समन्वयक राकेश मखीजा उपस्थित हुए। सर्वप्रथम शाखा अध्यक्ष साहिल चिलाना व सचिव गौरव चोपड़ा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और शाखा की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात शाखा सचिव गौरव चोपड़ा ने शाखा द्वारा किए गए कार्यों की रिपोर्ट रखी। इसके बाद चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष पद के लिए सीए विजय गोयल ने राज कुमार सिंगला के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका अनुमोदन बीएल बतरा और गिरधारी लाल सिंगला ने किया। सचिव पद के लिए सोहन तनेजा ने लोकेश खुराना का नाम प्रस्तावित किया जिसका अनुमोदन अनुराग स्वामी और सुशील जैन ने किया। वित सचिव के पद के लिए विनोद जैन ने सौरभ गोयल का नाम प्रस्तावित किया जिसका अनुमोदन भगवान दास गोयल और गुरविंदर सिंह ने किया। भाविप रतिया के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं दी। बैठक में दिव्या केंद्र के संयोजक सोहन तनेजा, डॉ. सीज .मालिक, गिरधारी लाल सिंगला, प्रवीण तनेजा और अनीश चोपड़ा को सेवा कार्यों में सहयोग के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष संपर्क रविंद्र मेहता, जिला सह समन्वयक सतपाल सेठी, डॉ. नरेश गोयल, शैलेंद्र गोस्वामी, लक्ष्मण जिंदल, जनक राज गोयल, प्रेम बांसल, गुरविंदर सिंह, बीएल बत्रा आदि मौजूद रहे।



**रतिया।** भारत विकास परिषद के चुने गए पदाधिकारी।

### सरकारी नौकरी के नाम पर 1.30 करोड़ ठगे, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे 1.30 करोड़ की राशि हड़पने के मामले में कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान मोहित कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी धनाश्री जिला दादरी के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा टोहाना से जांच अधिकारी उपनिरीक्षक इन्द्र सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 8 दिसम्बर 2024 को विशाल निवासी धारसूल कलां की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपने जीजा नरेन्द्र के पार्टनर मोहित पुत्र विजय, प्रवीन पुत्र सुखविन्द्र, सुखविन्द्र पुत्र हुकम सिंह व उनके परिवार से मिला था। इन लोगों ने उसे चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसा लिया।

**डबवाली पासपोर्ट पोर्टल शुरू**

# पासपोर्ट सत्यापन के लिए पोर्टल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने आमजन को जानकारी देते हुए कहा कि अब डबवाली के लोगों की सुविधा के लिए जिला डबवाली का पासपोर्ट पोर्टल शुरू किया गया है। इससे पहले डबवाली जिला के वासी पोर्टल में पासपोर्ट सत्यापन के लिए सिरसा जिला के विकल्प का चयन करना पड़ता था, जिससे आवेदक को परेशानियों का सामना करना पड़ता था । उन्होने बताया कि अब जिला डबवाली के आवेदक सिरसा की जगह डबवाली का विकल्प चयन करेंगे। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होने बताया कि इससे पहले डबवाली के लोग पासपोर्ट के लिए आवेदन के समय सिरसा का चयन करते थे जिस कारण उन्हें पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए जिला सिरसा के थानों में जाना पड़ता था, जिसके लिए यह सेवा शुरू की है । उन्होंने डबवाली के वासियों व सभी सरल सेवा केंद्रों को हिदायत देते हुए कहा है कि पासपोर्ट आवेदन करने के लिए जिला डबवाली विकल्प का ही चयन करें।

**सतर्क** एसपी ने जारी की एडवाइजरी, कहा : खतरनाक वायरस बिंगो मोड खाता खाली कर देता है

# एसएमएस में लिंक के जरिए मोबाइल में प्रवेश करता है बिंगो मोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने आमजन को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। खासकर बिंगो मोड वायरस को लेकर विशेष सावधानी बरतने को कहा है। एसपी ने कहा कि आधुनिकता के इस युग में साइबर अपराधी दिन प्रतिदिन फ्रॉड करने के नए-नए तरीके इस्तेमाल करते है। आजकल साइबर अपराधी खतरनाक वायरस बिंगो मोड के जरिए यूजर्स के बैंक खातों पर अटैक कर रहे है। ऐसे मामलों में साइबर अपराधी यूजर्स को संदिग्ध लिंक भेजते है और यूजर्स जैसे ही संदिग्ध लिंक पर क्लिक करते है तो एसएमएस के जरिए खतरनाक वायरस बिंगो मोड मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर में प्रवेश कर जाता है और यूजर्स के बैंक खातों की डिटेल चुराकर कर यूजर्स का खाता खाली कर खुद को उड़ा लेता है, इसलिए इसे आत्मघाती मैलवेयर के नाम से भी जाना जाता है। इस तरह से यूजर्स को कुछ भी समझ नही आता कि उसके साथ क्या हो रहा है।



### बैंक डिटेल चुराकर खुद को कर लेता है रिमूव

*एसपी आस्था मोदी ने बताया कि बिंगो मेड आत्मघाती मेलवेयर में हैकर्स द्वारा सेल्फ डिस्ट्रेक्टिव प्रोग्राम फीड किया है जो यूजर्स की बैंक डिटेल चुराने के बाद अपने आपको मोबाइल से रिमूव करके मोबाइल को फैक्ट्री रिसेट मोड पर ले आता है। ऐसे में यूजर्स को पता भी नहीं चलता कि उसके मोबाइल में आखिर हुआ क्या था। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से कहा कि बिंगो मेड नामक खतरनाक वायरस के बारे में साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं ने हाल ही में बिंगो मेड नामक एक नए एन्ड्रोइड रिमोट एक्सेस ट्रोजन (रेट) का पता लगाया है, जो डिवाइस से धोखाधड़ी से पैसे ट्रांसफर करता है। एसपी ने कहा कि साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं के अनुसार बिंगो मोड, मोबाइल मैलवेयर की आधुनिक रेट पीढ़ी से संबंधित है, क्योंकि इसकी रिमोट एक्सेस क्षमता संक्रमित डिवाइस से सीधे अकाउंट में टेकओवर करने की अनुमति देती है।*

### साइबर ठगी से बचने का बेहतर उपाय

*एसपी ने लोगों को सतर्क करते हुए कहा कि व्हाट्सएप, मेल या किसी अन्य सोशल साइट पर आए किसी भी अंजान लिंक को क्लिक न करें, क्योंकि सावधानी व सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का बेहतर उपाय है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस तरह के फर्जी लिंक से सावधान रहें और अपनी निजी जानकारी किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा नकरें क्योंकि ऐसा करने से आप साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि किसी के साथ साइबर ठगी की घटना हो जाए तो तुरंत स्थानीय पुलिस से संपर्क करना चाहिए या फिर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर इसकी तुरंत सूचना दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।*

विशेष : विश्व जल दिवस, 22 मार्च

बच्चो, हम हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाते हैं। जल का हमारे जीवन में क्या महत्व है, विश्व जल दिवस हम किन उद्देश्यों को लेकर मनाते हैं, इस बारे में तुम्हें जरूर जानना चाहिए।



# जीवन है जल आओ करें संरक्षित

अवेयरनेस / शिखर चंद जैन

बच्चो, जीवन के लिए हवा, भोजन और पानी तीनों बहुत जरूरी हैं। हम तभी जीवित रह सकते हैं, जब सांस लेने के लिए हवा मिले, पेट भरने के लिए भोजन और प्यास लगने पर पानी मिले। पृथ्वी पर अगर पानी न हो तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। बच्चो, इस संदर्भ में तुम्हें यह भी जानकारी होनी चाहिए कि हमारी पृथ्वी का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा जल से भरा है, लेकिन हम जो पानी उपयोग कर सकते हैं, वह पृथ्वी पर मौजूद पानी का एक प्रतिशत से भी कम हिस्सा है, जिसे हम मीठा पानी कहते हैं। यह स्वच्छ और मीठा पानी दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। आज इसके संरक्षण की बहुत आवश्यकता है।



### विश्व जल दिवस की शुरुआत

जीवन के लिए जल के महत्व को समझते हुए और विश्व में लगातार स्वच्छ और पेय जल की कमी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र यानी यूनाइटेड नेशंस द्वारा प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया। 22 मार्च 1993 को पहला विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाया गया। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

### हर साल रहती है एक थीम

यूनाइटेड नेशंस के संगठनों के परामर्श से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस की एक थीम रखी जाती है। 2025 की थीम है-ग्लेशियर संरक्षण। बच्चो, तुम्हें पता होगा कि ग्लेशियर दुनिया में मीठे पानी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत है। भविष्य में हमारे सामने जल संकट न आए, इसके लिए इन ग्लेशियरों का बचा रहना बहुत जरूरी है। बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और अन्य कई कारणों से ये ग्लेशियर बहुत ही तेजी से पिघल रहे हैं। 'ग्लेशियर संरक्षण' थीम दुनिया के ग्लेशियरों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देगी। हम अपने ग्लेशियरों को कैसे बचाएं, इसके लिए लोगों को जागरूक करेगी।

### क्या हैं इसके उद्देश्य

अब विश्व जल दिवस के उद्देश्यों की बात करते हैं। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं-सभी को पीने योग्य साफ मीठा पानी मिले। इसके लिए पानी को सही तरीके से साफ किया जाए। पानी को जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किया जाए। पानी की बर्बादी को रोका जाए। इसके साथ ही हम ऐसे नेचर-फ्रेंडली कदम उठाएं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग कम हो।

### क्या-क्या होता है आयोजन में

विश्व जल दिवस के अवसर पर दुनिया भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरणविद और नीति निर्माता, समुदाय और संगठन जल संकट और इसके समाधान के उपायों पर चर्चा करते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी जल संरक्षण और प्रबंधन पर सेमिनार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्थानीय समूह और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) नदियों, झीलों और अन्य जल निकायों (वाटर बॉडीज) की सफाई करते हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े सेलिब्रिटीज लोगों को पानी की बर्बादी न करने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। *

### जल संरक्षण के लिए तुम भी करो प्रयास



**बच्चो, तुम** भी अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो, जैसे-

- घर में पानी के उपयोग न होने पर नल बंद कर दो।
- अपने दोस्तों को भी जल बचाने के महत्व के बारे में बताओ।
- जल संरक्षण के बारे में जरूरी फैक्ट और इसका महत्व आकर्षक पोस्टर और वीडियोज बनाकर लोगों को बताओ।
- किसी एनजीओ या संगठन से वॉलंटियर के रूप में जुड़कर अपने आस-पास की प्रदूषित नदियों, झीलों और समुद्र तटों को साफ करने के कामों में अपना योगदान दो।



कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पानी

जिस पृथ्वी पर रहते हैं हम
उसकी अजब कहानी है।
एक भाग पर स्थल इसके
तीन भाग पर पानी है।
'लेवोइजो' ने बतलाई
तब सारी दुनिया जानी।
कैसे बनता, कहां से आता
क्या होता है यह पानी।
वैज्ञानिक कहते-पानी है
दो गैसों का संयोजन।
दो हिस्सा हाइड्रोजन होता
एक भाग है ऑक्सीजन।
यों तो हम जिस ओर भी देखें
बस जल ही जल फैला है।
लेकिन उसमें से ज्यादातर
प्रदूषित और मैला है।
साफ, स्वच्छ पानी छोड़े
कपड़े, बरतन पर दाग नहीं।
रंगहीन होता है,
इसमें गंध नहीं और स्वाद नहीं।
प्रदूषित पानी में कुछ
रोगाणु हैं होते मिले हुए।
घातक खनिज रसायन ढेरों
इसके अंदर घुले हुए।
बात साधारण, नहीं जानते
पर इसको बहुतेरे लोग।
गंदा पानी पीने से ही
हो जाते हैं ढेरों रोग।

जानकारी / नयनतारा

बच्चो, दूध पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ज्यादा लाभकारी है। इसीलिए इसे 'कंप्लीट फूड' भी कहा जाता है। इंसान ने गाय के दूध दुहने की शुरुआत कब से की, दूध के प्रमुख स्रोत क्या हैं, जानो।

# गाय के दूध की कब से हुई शुरुआत



बच्चो, दूध तो तुम सभी पीते होगे, लेकिन क्या तुम्हारे मन में कभी ये सवाल आया कि दुनिया में सबसे पहले गाय के दूध यानी काऊ मिल्क का इस्तेमाल कब किया गया? या फिर काऊ मिल्क के उपयोग का सबसे पुराना साक्ष्य कब का मिलता है?

**हजारों सालों से उपयोग हो रहा गाय का दूध:** मान्यताओं के अनुसार गाय के दूध का प्रयोग मानव सभ्यता के आदिकाल से किया जाता रहा है। साक्ष्यों की बात करें तो प्राचीन नगर बेबीलोन (वर्तमान इराक देश) के निकट लगभग पांच हजार साल पुराना एक मंदिर खोजा गया है। मंदिर की दीवारों पर अनेक चित्र उकेरे हुए हैं। एक चित्र में लोगों को गाय का दूध निकालते हुए दिखाया गया है।

**चित्र में क्या दिखाया गया है:** बेबीलोन के मंदिर से प्राप्त चित्र में एक व्यक्ति पीछे की तरफ से दूध निकाल रहा है, वह एक स्टूल जैसी चीज पर बैठा हुआ है। अन्य व्यक्ति जमीन पर रखे कंटेनर में दूध ले रहे हैं। एक तीसरा समूह पत्थर के विशाल जारों में निकाले गए दूध को एकत्र कर रहे हैं। इस चित्र से ऐसा प्रतीत होता है कि हजारों साल पहले भी गाय से दूध निकालने, इसके इस्तेमाल करने के साथ-साथ गाय के दूध का व्यापार भी काफी संगठित था।

**आधुनिक युग में दूध के प्रमुख स्रोत:** आज जो दूध हम इस्तेमाल करते हैं, उसका प्रमुख स्रोत गाय के अलावा भैंस, बकरी आदि जंतु भी हैं। इसके अलावा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में वहां पाए जाने वाले अन्य जानवरों के दूध का भी प्रयोग किया जाता है। जैसे-एशिया महाद्वीप में अलग-अलग स्थानों पर गाय-भैंस के अलावा ऊंटनी, घोड़ी, याक और भेड़ जैसे जानवर भी दूध के प्रमुख स्रोत हैं। बर्फीले इलाकों में रहने वाली एस्किमो और लैपलैंडर्स जनजाति दूध के लिए कारिबोऊ और रेनडियर का उपयोग करते हैं। हमारे भारत और सेंट्रल एशिया के देशों में गाय के साथ-साथ भैंस भी दूध का प्रमुख स्रोत है। *

### दूध है कंप्लीट फूड



**बच्चो, दूध** को संपूर्ण भोजन यानी 'कंप्लीट फूड' कहा जाता है। इसमें कई सारे पौष्टिक तत्व एवं न्यूट्रीएंट्स, जैसे-कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन, मिल्क शुगर (लैक्टोज) और मिल्क प्रोटीन (कैसीन) आदि पाए जाते हैं। दूध आसानी से पच जाता है, इसलिए ये तत्व हमारे शरीर में जल्दी और सही ढंग से एब्जॉर्ब हो जाते हैं। इसलिए बच्चो हमें रोज दूध पीना चाहिए।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशप्रेम की रोमांचक कहानी



बच्चो, 'ये देश हमारा है' देशप्रेम की भावना जगाने वाला एक रोचक-रोमांचक बाल उपन्यास है। इसमें पांच एनसीसी कैडेट्स सक्षम, अक्षय, हार्दिक, आराध्या और मान्यता ट्रेनिंग कैंप के लिए सेना के अधिकारी कैप्टन ज्ञानेंद्र वर्मा के साथ हिमालय के सीमावर्ती इलाके में जाते हैं। लेकिन वे सब जिस हेलीकॉप्टर में जा रहे होते हैं, उसका एक्सीडेंट हो जाता है। उनकी जान तो बच जाती है लेकिन वे घने जंगल में फंस जाते हैं। वहां दुश्मन देश के सैनिक कैप्टन वर्मा को पकड़ लेते हैं। फिर उन्हें छुड़ाने के लिए सक्षम किस बुद्धिमानी से उन सबका पीछा करता है? कैसे पांचों बहादुर बच्चे जंगल के निवासियों की मदद से देश के दुश्मनों के गुप्त अड्डे का पता भारतीय सेना को बताकर अदम्य साहस का परिचय देते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह रोमांचक उपन्यास पढ़ना होगा। पांच बच्चों की देशभक्ति और साहस से भरी यह कहानी पढ़कर तुम्हारे मन में भी अपने देश के लिए कुछ करने की भावना प्रबल हो उठेगी।

**किताब:** ये देश हमारा है (बाल उपन्यास), **लेखक:** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

हिंदी ज्ञान / आशा शर्मा

बच्चो, निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के रिक्त स्थानों में एक ही शब्द भरा जाएगा। उस उपयुक्त शब्द को भरकर इन मुहावरों/लोकोक्तियों को पूरा करो।

1. ........ का धुला होना।
2. ........ का ........ और पानी का पानी करना।
3. ........ के दांत टूटना।
4. ........ का जला छाछ भी फूंक कर पीता है।
5. ........ दही की नदियां बहना।
6. छठी का ........ याद आना।
7. ........ के कुल्ले करना।
8. ........ में खट्टड़ डालना।

## जीके क्विज-146


1. फरवरी 2025 के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया?
2. हाल ही में किस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वन-डे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की?
3. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन-सा है?
4. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
5. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
6. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?
7. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
8. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
9. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
10. झारखंड की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-146 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-145 का उत्तर :** 1.होलिका, 2.बरसाना (मथुरा), 3.न्यूजीलैंड, 4.गुजरात, 5. 22 मार्च, 6.अचंता शरत कमल, 7.तमिलनाडु, 8.जयपुर, 9.बांग्लादेश, 10.पेरिस

**जीके क्विज-145 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, डॉली-दुर्ग, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिशा-बेमेतरा, कुणाल-रोहतक



# कौए को भाया काला रंग

एक दिन कौआ बहुत उदास था। उसकी इस उदासी की वजह थी-उसके पंखों का काला रंग। लेकिन जब कई पक्षियों ने आकर कौए को अपनी-अपनी आपबीती सुनाई तो उसे लगा कि उसका काला रंग सबसे अच्छा है। इन पक्षियों ने ऐसी क्या आपबीती कौए को सुनाई, जो उसे अपना काला रंग भा गया?

कहानी

मोहम्मद अरशद खान

कौआ पेड़ की डाल पर चुपचाप बैठा था। उसके काले-चमकीले पंख धूप में चमक रहे थे। लेकिन उसे अपने पंखों का काला रंग पसंद नहीं था। इसलिए वह उदास था। तभी बगल की डाल पर एक गौरैया आकर बैठ गई। पहले तो कौए ने उधर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब एकाएक उसकी नजर गौरैया के पंखों पर पड़ी तो वह चौंक पड़ा! उसके पंखों में गुलाबी रंग लगा हुआ था। कौआ हंस पड़ा, उसने पूछा, 'अरे! तुम्हारे पंखों को यह क्या हुआ?'

गौरैया कुछ नहीं बोली। उदासी से मुंह लटका लिया। कौए को हैरानी हुई, वह बोला, 'तुम इसे साफ क्यों नहीं कर लेतीं?'

गौरैया उदास स्वर में बोली, 'मैंने बहुत कोशिश की। धूल में लोट-पोट मचाई। पोखर में छपछैया की, लेकिन जाने कैसा रंग है, छूटता ही नहीं। अब तो इन पंखों के झड़ने का इंतजार कर रही हूं, तभी इससे छुटकारा मिलेगा।' 'पर यह रंग लगा कैसे?' कौए को जिज्ञासा हुई। 'दरअसल...।' गौरैया ने बताया, 'तुम्हें तो पता ही है कि मैं इंसानों के बीच रहना पसंद करती हूं। एक दिन मैं एक घर की मुंडेर पर बैठी थी। मुझे आंगन में कुछ दाने पड़े दिखाई दिए।

भूख तेज लगी थी। मैंने आव देखा न ताव, दानों पर झपट पड़ी। जैसे ही मैंने चोंच मारी कि 'खट' की आवाज हुई और चारों तरफ अंधेरा छा गया।' 'अरे...!' कौआ हैरानी से बोला। 'हां, असल में कुछ शरारती बच्चों ने एक डलिया को लकड़ी के सहारे टिका रखा था और लकड़ी को रस्सी से बांधकर छिप गए थे। मैं दानों के चक्कर में जैसे ही अंदर पहुंची कि उन्होंने रस्सी खींच ली और मैं डलिया के अंदर बंद हो गई। फिर वे मुझे पकड़ कर बहुत देर तक मेरे साथ खेलते रहे। जब मन भर गया तो मेरे पंखों पर रंग लगाकर छोड़ दिया।' गौरैया ने बताया।

'पर उन्होंने ऐसा क्यों किया?' कौए ने पूछा। गौरैया ने वजह बताई, 'वे कह रहे थे कि मैं जहां कहीं उड़ती दिखूंगी तो वे मुझे पहचान लेंगे।' गौरैया अपनी कहानी बताकर चली गई। तभी दो कबूतर उड़कर उधर आ बैठे। उनमें एक के माथे पर नीला और दूसरे के लाल रंग का धब्बा लगा हुआ था। 'क्या तुम्हें भी शरारती बच्चों ने पकड़ लिया था?' कौए ने उत्सुकता से पूछा।

'नहीं तो..!' दोनों कबूतर एक साथ बोले। 'तो फिर तुम्हारे माथे पर रंग कैसे लगा हुआ है?' कौए ने जानना चाहा।

'यह तो हमारे मालिक ने लगाया है ताकि वे हमें पहचान सकें।' लाल धब्बे वाले कबूतर ने दुख के साथ बताया।

'हम दोनों पक्के दोस्त हैं, लेकिन बड़ी मुश्किल से मिल पाते हैं। हम दोनों के मालिक अलग-अलग हैं। वे हमें मिलने ही नहीं देते।' नीले धब्बे वाले कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए कहा। 'चलो, अब अपने दड़बे में वापस लौटने का समय हो गया है। वर्ना हमारे मालिक हमें ढूंढ़ते हुए यहां भी आ पहुंचेंगे।' यह कहते हुए दोनों कबूतर अपने पंखों से 'सन-सन-सन' आवाजें निकालते हुए वापस चले गए। कबूतरों के जाते ही एक बगुला हांफता हुआ उधर आ गया। उसके पंखों पर कीचड़ और काई जमी हुई थी।


कौए ने पूछा, 'बगुले भाई, तुम्हारे पंख कैसे गंदे हो गए?' बगुला उबासी लेता हुआ बोला, 'मैं दिन भर काई भरे कीचड़-पानी में रहता हूं। बिना हिले-डुले चुपचाप खड़े रहने से पंखों पर गंदगी चढ़ जाती है। इसीलिए मेरे पंख गंदे रहते हैं।' 'लेकिन पानी से धोने पर ये साफ भी तो हो सकते हैं।' कौए ने कहा।

'हां, पर कीचड़ में घुसने पर फिर लग जाती है। इसलिए मैं इसे साफ करने की तरफ ध्यान ही नहीं देता।' कहकर बगुला धीमे से हंसा और वहां से चला गया। कुछ ही देर में वहां सतभैये आकर चहचहाने लगे। कौए ने ध्यान से देखा तो एक का रंग बिल्कुल पीला हो रहा था। कौए ने सोचा शायद वह इन सबका लीडर होगा। लेकिन जब कौए ने पूछा तो उसने बताया, 'एक बार हम लोग एक घर के आंगन में उछल-कूद मचा रहे थे। आंगन में खाने-पीने की चीजें सूखने को रखी थीं। हल्दी का पावडर भी रखा था। अचानक एक बिल्ली हम पर झपट पड़ी। बिल्ली का हमला देखकर सब तो भाग लिए पर मैं हड़बड़ी में हल्दी के टोकरे में जा गिरा। वह दिन है और आज का दिन, पंखों से यह रंग उतरता ही नहीं।'

उसकी बात पर चहचहा रहे सतभैये चुप हो गए। फिर उनमें से एक ने कौए के पंखों की ओर देखते हुए कहा, 'लेकिन तुम्हारे पंखों का रंग सबसे अच्छा है। काले रंग पर कोई दूसरा रंग चढ़ ही नहीं सकता।' 'हां, मुझे अपना काला रंग पसंद है।' कौए ने कहा और खुशी से अपने पंख फैला दिए। उसके पंखों पर सुनहरी धूप चमकने लगी। *

कविता

सुरेंद्र विक्रम



## बसंत के दिन आए...

सूरज प्रतिदिन नियम बनाकर
उगता है फिर ढल जाता है।
चंदा तारों के संग मिलकर
आसमान को दमकाता है।
सूरज की किरणें आती हैं
पत्ती-पत्ती खिल जाती है।
चंदा की किरणों से मिलकर
खड़ी कुमुदिनी मुस्काती है।
मौसम बदला, सूरज मचला
बड़ी-बड़ी बांहें फैलाए।
छू-मंतर हैं जाड़े के दिन
अब बसंत के दिन आए।
पीली सरसों फूली हुई हैं
पीली हुईं दिशाएं सब।
नया बौर आमों में आया
भौंरे गुन-गुन गाएं अब।
फूला-फूला 'तीसी' का मन
चना-मटर की बजीं तालियां।
मस्त-मगन हो झूम रही हैं
गेहूं की सब हरी बालियां।
दूर-दूर तक खुले खेत में
हवा नाचती छम-छम-छम।
सोंधी-सोंधी खुशबू फैली
जिसमें डूब गए हैं हम।

## रंग भरो-171

**रंग भरो-171** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






रितेश, मटियारी



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



सौम्य, बालोद



तक्षित, बिलासपुर



कुंजल, कोरबा



बेबी, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आलोक-दुर्ग, भावना-भिवानी, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितिका-बिलासपुर, समृद्धि-चांपा, वेदिका-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, अमन-बिलासपुर, स्वीटी-कोरबा

## रंग भरो 172

बच्चो, यहां जंगल में मस्ती करते कुछ एनिमल्स का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### उधार में मोबाइल देने से किया इंकार, बोला हमला

**फतेहाबाद।** गांव भोडियाखेड़ा में उधार में मोबाइल फोन न देने पर कुछ युवकों ने एक दुकानदार पर तेजधार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में भोडियाखेड़ा निवासी रमन ने कहा है कि वह गांव के पुराने बस अड्डे पर स्थित मोबाइल की दुकान पर काम करता है। गत दिवस जब वह दुकान पर काम कर रहा था तो गांव के ही नरेन्द्र, मोहित, शालू, अजय व एक अन्य युवक उसकी दुकान पर आए और उस पर लाठी-डंडों व तलवारों से हमला कर दिया।

### फतेहाबाद व टोहाना से दो मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद व टोहाना शहर से दो मोटरसाइकिल चोरी होने का समाचार है। दोनों मामलों में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में श्याम लाल ढाणी, हिसार निवासी रवि कुमार ने कहा है कि वह अपने जानकार संजय कुमार निवासी खाराखेड़ी का मोटरसाइकिल लेकर फतेहाबाद आया था। उसने मोटरसाइकिल को लाल बत्ती चौक पर भगवती नमकीन भंडार के बाहर खड़ा किया और बाजार चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब बाईक बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियों के लापता होने का समाचार है। तीनों मामलों में परिजनों द्वारा सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बनावाली निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 28 वर्षीय पत्नी दोनों बच्चों को साथ लेकर आंगनबाड़ी केन्द्र में लेकर गई थी। वह दोनों बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र में छोडक़र कहीं चली गई है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उसने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### ट्राली व किराया हड़पने पर आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने विश्वासघात कर ट्राली व किराया हड़पने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रकाश राम उर्फ काला पुत्र भोला राम निवासी रसूलपुर के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 9 मार्च को सोनू कुमार पुत्र रमेश निवासी कुलां की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसे कैथल में पराली उठाने का ठेका लिया था, इसके लिए उसने 4 ट्रालियां बनवाई थी। काम खत्म होने के बाद वह वापस घर आ गया। इसके बाद रसूलपुर निवासी प्रकाश उर्फ काला उसके पास आया और ट्रालियों को किराये पर लेने की बात कही।

---

सुपोषित हरियाणा अभियान: जिला स्तरीय प्रतियोगिता का किया आयोजन

# रेसिपी स्पर्धा में फतेहाबाद प्रथम, भटटू कलां द्वितीय व रतिया ब्लॉक रहा तृतीय

महिलाएं बिमारियों के बचाव के लिए संतुलित और पौष्टिक भोजन का सेवन करें : सुरेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** रेसिपी प्रतियोगिता का अवलोकन करते मुख्यातिथि जिप सीईओ सुरेश कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

सुपोषित हरियाणा अभियान के तहत जिला पंचायत संसाधन केंद्र में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्यअतिथि जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार ने शिरकत की। मुख्यातिथि जिप सीईओ सुरेश कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं को अस्पताल में रेगुलर चैकअप करवाने और अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखने बारे कहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं में अनिमिया, प्रोटीन की कमी और विटामिन डी की कमी न हो, इसके लिए जरूरी है कि वे संतुलित और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महिलाओं द्वारा लगाई गई रेसिपी प्रतियोगिता/प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीता कुमारी ने दैनिक जीवन में पोषण के महत्व बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सुनीता सोखी ने महिलाओं को सही खान-पान, महिलाओं और बच्चों में खून की कमी व पौष्टिक आहार के बारे में पूर्ण जानकारी दी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में जिला बागवानी अधिकारी कार्यालय से सुपरवाइजर सुरेन्द्र कुमार ने आंगनबाड़ी वर्करों को पोषण वाटिका व किचन गार्डनिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महिलाएं अपने घर में ही पोषण वाटिका व किचन गार्डनिंग के माध्यम से हरी पत्तेदार सब्जियां उगा सकती है। ब्लॉक फतेहाबाद से सुपरवाइजर स्नेह लता नें महिलाओं को टीबी की बीमारी के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि यदि किसी को दो हफ्ते से अधिक खांसी है या बुखार है तो उसको नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर अपना चैकअप करवाना चाहिए।

**ये रहा परिणाम**

कार्यक्रम में रेसिपी प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें सभी ब्लॉक से आंगनबाड़ी वर्करों ने भाग लिया। रेसिपी प्रतियोगिता में ब्लॉक फतेहाबाद ने प्रथम, भटटू कलां ने द्वितीय और रतिया ब्लॉक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में ब्लॉक फतेहाबाद से आंगनबाड़ी वर्कर वनिता ने प्रथम व अंजु ने द्वितीय तथा ब्लॉक रतिया से आंगनबाड़ी वर्कर सरोज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजन को पोषण अभियान के तहत शपथ दिलवाई गई।

---

# वरिष्ठ विपणन अधिकारी एसपी कटारिया को किया निलंबित

■ भारी अनियमितताएं बरतते हुए सरकारी फंड का दुरुपयोग करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

हरियाणा बीज विकास निगम में पंचकूला स्थित मुख्यालय में कार्यरत वरिष्ठ विपणन अधिकारी एसपी कटारिया को निगम कार्यां में अनियमितताओं के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा ने बताया कि उपरोक्त अधिकारी द्वारा सरकारी फंड का दुरुपयोग किया जा रहा था। बार-बार चेतावनी देने के बाद भी अधिकारी के कार्यों में सुधार नहीं हुआ। चेयरमैन देवकुमार शर्मा के मुताबिक यह पाया गया कि निगम में कार्यालय नवीनीकरण, मुरम्मत कार्य टेंडर, एयरकंडीशन खरीद तथा कुछ अन्य कार्यों में बीज विकास निगम का नुकसान हुआ है। इसलिए उन्होंने मामले में गंभीर संज्ञान लेकर वरिष्ठ विपणन अधिकारी एसपी कटारिया को निलंबित करवाया है। निलंबन के उपरांत उनका मुख्यालय भिवानी तय किया गया है। पहले भी आदेशों की अवहेलना करने के एक मामले का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक हिसार जयबीर सिंह को निलंबित करवाया था। देव कुमार शर्मा ने कहा कि हरियाणा बीज विकास निगम प्रदेश के किसानों के हित में बेहतरीन कार्य करने में जुटा हुआ है।

# नौकरी का झांसा देकर ऑटो चालक का खुलवाया बैंक खाता, की धोखाधड़ी

■ पीड़ित ने साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत

**फतेहाबाद।** शहर में ऑटो रिक्शा चलाने वाले युवक को गुडगांव में नौकरी का झांसा देकर तीन युवकों ने उसका बैंक खाता खुलवाने और बाद में उसके बैंक खाते में काफी लेन-देन कर उसके साथ धोखा करने का मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित युवक द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में केशव ने कहा है कि वह फतेहाबाद में ऑटो रिक्शा चलाता है। अशोक नगर निवासी पंकज पुत्र काका, सन्नी व रिन्कू के साथ उसकी जान-पहचान थी। इन युवकों ने उससे कहा कि वह गरीब आदमी है और उनकी गुडगांव में कई कम्पनियों के मैनेजर के साथ जान-पहचान है। वह उसे गुडगांव में एक कम्पनी में नौकरी लगवा देंगे। इसके बाद पंकज ने उसे सन्नी के घर बुलाया जहां रिन्कू, सन्नी व एक बैंक कर्मचारी बैठा था। इसके बाद इन लोगों ने वहां उसका इंडसईड बैंक में खाता खोला दिया।

---

# पीपीपी पर जागरुकता सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

■ खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय, रतिया में परिवार पहचान पत्र पर जागरूकता हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के संयोजक डॉ. अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को परिवार पहचान पत्र, इसके उद्देश्यों व इससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अपनी फैमिली आईडी को अपडेट रखने की जरूरत पर बल दिया ताकि विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन अन्य पेंशन तथा जाति व आय प्रमाणपत्र, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, हर घर हर गृहणी योजना आदि अनेक योजनाओं का लाभ आप समय पर प्राप्त कर सकें। फैमिली आईडी में परिवर्तन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने व आवेदन से संबंधित अनेक सावधानियां भी बताई तथा विद्यार्थियों को आगाह किया की यह संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन है इसलिए विद्यार्थी स्वयं इस प्रक्रिया को पूरा करें व अपना ओटीपी किसी गलत व्यक्ति से साझा करके ठगी के शिकार ना हो।

उन्होंने विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया व सभी प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दिए। इस अवसर पर प्रो. वरुण बजाज, डॉ. बीरबल सिंह, प्रो. कृष्ण लाल, प्रो. सर्वजीत सिंह, प्रो. पूनम कौर सोनी व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# किसानों के हौंसले बुलंद रहेंगे : जरनैल सिंह

■ किसान एमएसपी गारंटी कानून की मांग पर अडिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/रतिया



**रतिया।** बैठक में भाग लेते किसान नेता। **फोटो : हरिभूमि**

बेशक सरकार ने प्रजातंत्र का गला घोटते हुए किसानों से कुठाराघात किया है लेकिन किसान एमएसपी गारंटी कानून की मांग पर अडिग हैं और किसान आंदोलन पूरी सक्रियता से जारी रहेगा। यह बात भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के प्रदेशाध्यक्ष जरनैल सिंह मलवाला ने आज रतिया में संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा गैर-राजनीतिक के नेताओं को मीटिंग के नाम पर बुला कर केन्द्र एवं पंजाब सरकार द्वारा मिलीभगत करके धोखे से विश्वासघात करते हुए गिरफ्तार करना बहुत घिनौनी हरकत एवं अति घटिया कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि बेशक बार्डरों पर किसानों के रैन-बसेरे तोड़ दिये गए है, फिर भी किसानों के हौंसले बुलंद हैं और उनका आंदोलन ज्यों का त्यों जारी रहेगा। उन्होंने जत्थेबंदी के सदस्यों को कहा कि शांति बनाए रखें। संयुक्त किसान मोर्चा की लीडरशिप का भविष्य के लिए जो कार्यक्रम आएगा, उसी अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे। बैठक में बेगराज फुलां, राजिंद्र सिंह चहल, सुरेन्द्र जाखड़, इकबाल सिंह खोखर, तेजिन्द्र औजला, राम जाट, प्रितपाल सिंह खुंबर, विनोद सिरढान, केहर सिंह, छैलु राम, इन्द्रजीत सिंह आदि सहित किसान मौजूद थे।दूसरी ओर मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय पर प्रदर्शन को लेकर वीरवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों का एक जत्था कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुआ।

**प्रमुख मांगें**

जगतार सिंह ने कहा कि किसानों की प्रमुख मांगों में गेहूं की फसल पर बोनस की घोषणा करना, नई कृषि व्यापार नीति को रद्द करना, एमएसपी गारंटी कानून बनाना, बर्बाद फसलों का मुआवजा, किसान-मजदूरों को कर्जमुक्ति और स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करना शामिल हैं। किसान नेता जगतार सिंह ने पंजाब सरकार की आलोचना की। उन्होंने खनौरी बॉर्डर पर किसान नेताओं की गिरफ्तारी को निंदनीय बताया। उनका कहना है कि केंद्र सरकार तीन कृषि कानून रद्द करने के बाद किए गए वादों से मुकर रही है। किसान सरकार की इस मनमानी का डटकर विरोध करने के लिए तैयार हैं।

### बंद पड़ी ऑयल मिल में घुसा चोर काबू

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां में बंद पड़ी ऑयल मिल में चोरी की नीयत से घुसा एक युवक मिल मालिक के मौके पर आने पर उन्हें धक्का मारकर मौके से फरार हो गया। इस बारे मिल मालिक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाऊन, भट्टूण्डी निवासी संदीप बंसल ने कहा है कि उसकी चौपटा रोड, भट्टूकलां पर श्री त्रिपति बालाजी के नाम से ऑयल मिल है जोकि 4 साल से बंद पड़ी है। गत दिवस वह अपने चाचा सुभाष चन्द्र मिल के साथ मिल को संभालने के लिए गया तो उन्होंने देखा कि मिल के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। जब वह अंदर गए तो पाया कि एक युवक मिल में चोरी की नीयत से घुसा हुआ था। इस पर उन्होंने युवक को मौके पर ही काबू कर

---

# चयनित दिव्यांगों को दिए जाएंगे कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण

■ 26 व 27 मार्च को 695 दिव्यांगों को दी जाएगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला प्रशासन व भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा द्वारा 26 व 27 मार्च को चौ. देवीलाल यूनिवर्सिटी के मल्टीपर्पज हॉल में चयनित 695 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की 'एडिप योजना' के अंतर्गत 'अलीम्को कानपुर, क्षेत्रीय उत्पादन केन्द्र, चनालोन, मोहाली (पंजाब)' के सहयोग से पात्र दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि जिन दिव्यांग व्यक्तियों के जुलाई 2024 में कृत्रिम अंगों के माप लिए गए थे तथा सहायक उपकरण प्राप्त करने वालों की पहचान की गई।

**शिविर में जारी की रसीद लेकर सुनिश्चित करें**

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि लाभपात्र दिव्यांगजनों से कहा है कि वे कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए अपना आधार कार्ड व शिविर में जारी की गई रसीद लेकर सुनिश्चित करें। इस शिविर में कुल 695 दिव्यांग व्यक्तियों को कुल 1,74,55,907 रुपये के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण जैसे 225 बैटरी वाली तिपहिया साइकिल, 122 व्हील चेयर, 306 श्रवण यंत्र, 145 तिपहिया साइकिल, 24 वॉकिंग स्टिक, 96 बैसाखियाँ, 4 रोलेटर, 4 सीपी चेयर, 52 कृत्रिम अंग वितरित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि दिव्यांग व्यक्तियों की सहायतार्थ 26 मार्च को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत सिरसा व डबवाली के दिव्यांगों व्यक्तियों को जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसी) द्वारा तथा 27 मार्च को ऐलनाबाद, रानियां, ओढ़ां, चौपटा व बड़ागुढ़ा के 513 दिव्यांग व्यक्तियों को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा दी गई आर्थिक सहायता द्वारा कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

### गो गोपाल भक्ति कथा का शुभारंभ

**सिरसा।** नटार रोड़ पर स्थित चौ. देवीलाल गौशाला में पांच दिवसीय गो गोपाल भक्ति कथा अमृत प्रवाह का शुभारंभ हुआ। चौ. देवीलाल गौशाला कमेटी द्वारा गोवंश संरक्षण, संवर्धन एवं गौ सेवार्थ 11वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित विश्व कल्याण कामधेनु यज्ञ रोजाना सुबह आठ से 10 बजे तक तथा गो गोपाल भक्ति कथा सायं 4:30 बजे से 7:30 बजे तक किया जाएगा। प्रति दिन भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। इसमें डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज प्रवचन कर संगत को निहाल कर रहे हैं। कथा के शुभारंभ अवसर पर जयदेव-सहदेव ट्रस्ट के प्रमुख ललित जैन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है।

# नौकरी का झांसा देकर ठगी का आरोपी काबू

■ 17 मार्च को ठाकर बस्ती फतेहाबाद के भगवत दयाल की शिकायत पर केस किया था दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत बिजली विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक से ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान पवन पुत्र देवीलाल निवासी नजदीक वाल्मीकि मंदिर भूना के रूप में हुई है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर सतीश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 17 मार्च को ठाकर बस्ती फतेहाबाद के भगवत दयाल की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार बीघड़ निवासी अमन उसका दोस्त है जोकि बिजली विभाग में कच्ची नौकरी करता है। अमन ने उसे बिजली विभाग के ही कर्मचारी पवन कम्बोज निवासी भूना से मिलवाया। पवन ने उससे कहा कि वह उसे बिजली विभाग में ही हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत नौकरी दिलवा देगा। इसके बाद पवन ने उसे सैलरी के लिए अपना अलग से बैंक खाता इंडसईड बैंक में खुलवाने बारे कहा। इसके बाद वह अमन के साथ बैंक में गया और खाता खुलवाया। इसके बाद उसे बैंक किट मिली जिसमें एटीएम, चैकबुक थी। अमन ने यह किट और सिम कार्ड उससे ले लिया।

**पुलिस ने पुछताछ शुरू की**

भगवत दयाल ने कहा कि इसके बाद जब उसने अमन व पवन से नौकरी बारे पूछा तो उन्होंने कहा कि जब कौशल रोजगार निगम में वैकेंसी निकलेगी तो उसे नौकरी लगा देंगे। करीब 2-3 महीने तक जब उसे नौकरी नहीं मिली तो वह अपना बैंक खाता बंद करवाने के लिए बैंक में गया। बैंक कर्मचारी ने उसे बताया कि उसके बैंक खाते में बहुत ज्यादा लेन-देन हुआ है और उसका बैंक खाता फ्रीज हो गया है। युवक ने आरोप लगाया कि अमन व पवन ने नौकरी लगाने के नाम पर उसका बैंक खाता खुलवाया और उसके खाते में लेन-देन कर फ्रॉड किया है। इस बारे पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

---

**कार्यक्रम** जेसीडी विद्यापीठ में स्प्रिंग स्प्री - 2025 ग्रैंड मैनेजमेंट फेस्ट का रंगीन समापन

# जेसीडी विद्यापीठ में पंजाबी सिंगर सत्कार संधू की हुई शानदार गायकी

छात्रों के उत्साह एवं रंगीन प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा




**सिरसा।** जेसीडी विद्यापीठ में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते पंजाबी सिंगर सत्यकार संधू। **फोटो : हरिभूमि**

जेसीडी विद्यापीठ के बिजनेस मैनेजमेंट कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय स्प्रिंग स्प्री - 2025 ग्रैंड मैनेजमेंट फेस्ट का आज भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर छात्रों के उत्साह एवं रंगीन प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत कर दिया। समारोह की शुरुआत सुबह के समय विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों से हुई, जिनमें विद्यार्थियों ने नृत्य तथा फाइन आर्ट्स कला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला परिषद चेयरमैन करण चौटाला थे। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए जेसीडी आईबीएम की प्राचार्या और इस प्रोग्राम की कन्वीनर डॉक्टर हरलीन कौर की सराहना की और उनको शॉल और स्मर्ति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और उनकी सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने और उनकी टीम के सदस्यों ने पूरी मेहनत और लगन से इस फेस्ट को सफल बनाया।

**विद्यार्थियों को किया प्रेरित**

उन्होंने इस मैनेजमेंट फेस्ट का आयोजन बहुत ही अच्छे ढंग से किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नेतृत्व, टीम वर्क एवं रचनात्मकता का विकास होता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के फेस्टिवल से न केवल शैक्षणिक माहौल में विविधता आती है, बल्कि यह विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित भी करता है। समारोह का विशेष आकर्षण पंजाबी सिंगर सत्कार संधू की शानदार गायकी रही। उनके मधुर सुरों ने समापन समारोह का माहौल और भी रोमांचक बना दिया। सत्कार संधू की प्रस्तुति में न केवल संगीत प्रेमियों ने अपना भरपूर आनंद उठाया, बल्कि उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्ति भी उनकी कला की प्रशंसा करते रहे। इसके अतिरिक्त, वरुण खोखर द्वारा हरियाणवी रैपर्स की प्रस्तुति ने युवाओं में लोकप्रिय संगीत के प्रति आकर्षण बढ़ाया।

# सिरसा : प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 132 पात्रों को मिला लाभ

पात्र व्यक्ति तक पहुंचे हर योजना का लाभः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत सिरसा जिला के 132 लाभपात्रों को भी राशि जारी की गई है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने वीरवार को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिला के 132 लाभपात्रों को पहली किश्त की राशि की जारी की दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवार को एक स्थायी और सुरक्षित आश्रय प्रदान करना है, जिससे उनका जीवन स्तर सुधरे और वे एक बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकें। योजना का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता और सुचारू रूप से किया जाए, ताकि जरूरतमंद परिवारों को समय पर सहायता मिले। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को चंडीगढ़ से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के लाभपात्रों को पहली किश्त के रूप में 150 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। डीसी ने अधिकारियों से कहा कि लाभपात्रों को समय-समय पर मार्गदर्शन और आवश्यक जानकारी प्रदान की जाए, जिससे उन्हें योजना के तहत मिलने वाली सहायता का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले में योजना की प्रगति की नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की देरी या समस्या को जल्द से जल्द हल किया जा सके।

जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चन्द्र ने बताया कि आज 132 लाभार्थियों को इस योजना के तहत पहली किस्त जारी की गई है। इससे पहले भी 56 लाभार्थियों को लाभ दिया जा चुका है। इसके अलावा 2722 लाभार्थियों के लिए राशि सेंक्शन हो चुकी है।

**सूचना**

मैं, सावित्री पत्नी स्वर्गीय राम सिंह निवासी अलालावास, तहसील रतिया, जिला फतेहाबाद बयान करती हूं कि मेरी लड़की अंजु मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं मेरी लड़की अंजु को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरी लड़की अंजु से लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

## खबर संक्षेप

### बिजली का पोल जर्जर होने से हादसे का डर

सिरसा। वार्ड नंबर एक चत्तरगढ़पट्टी में बिजली के जर्जर पोल से हादसे का खतरा बना हुआ है। बिजली के पोल पुराने होने के कारण ऊपर व नीचे से फट गए है। तारों का खिंचाव सह नहीं पा रहे। इसकी वजह से कई पोल टेढ़े भी हो चुके है। राजू एमसी वाली गली निवासियों ने बताया कि जर्जर पोल के गिरने की आशंका बनी हुई है। बेसहारा पशुओं द्वारा पोल की स्पोर्टिंग वायर से सिर खुजलाने के कारण तारे भी आपस में टकराने लगती है। गली निवासियों ने विद्युत निगम के अधिकारियों से जर्जर पोल को हादसा घटित होने से पहले अविलंब बदलने की मांग की है।

### रेहड़ी चालक से दस हजार की धोखाधड़ी

सिरसा। पुलिस ने रामजीवन पुत्र रामभजन निवासी सरस्वती कालोनी की शिकायत पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में रामजीवन ने बताया कि वह रानियां रोड पर पैट्रोल पंप के निकट केले की रेहड़ी लगाता है। उसने बताया कि सायं साढ़े 7 बजे एक बाइक पर सवार तीन युवक उसके पास आए। उन्होंने दो दर्जन केले की मांग की और 500 रुपये का नोट थमाया। उसने बकाया राशि देने के लिए जेब से पैसे निकाले। इसी दौरान उन्होंने उसे बातों में उलझा लिया। युवकों के जाने के बाद उसने अपनी जेब तलाशी तो 10 हजार रुपये गायब पाए। बाइक सवार युवकों ने उसके 10 हजार रुपये चुरा लिए। पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### गुजरात गैस कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज

सिरसा। शहर सिरसा पुलिस ने पब्लिक हेल्थ विभाग की शिकायत पर गुजरात गैस कंपनी के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पब्लिक हेल्थ विभाग के जेई गुरप्रीत सिंह की ओर से दी गई सूचना के अनुसार गुजरात गैस कंपनी द्वारा बेगू रोड पर गैस की पाइप लाइन बिछाने के कार्य के दौरान सोनी धर्मशाला के सामने, गर्ग धर्मकांटा के पास, गणपति टेंट हाऊस के पास विभाग के सीवर मेनहोल से हाई प्रेशर गैस पाईप लाइन गुजार दी। जिसके कारण सीवर के मेनहोल की दीवारे क्षतिग्रस्त हो गई। मेनहोल में रिसाव होने लगा है तथा दुर्घटना की आशंका भी बन गई है। जेई की सूचना पर पब्लिक हेल्थ विभाग के उपमंडल अभियंता की ओर से पुलिस में शिकायत दी गई।

### निगम की 66576 रुपये की केबल चोरी, केस

सिरसा। नाथूसरी चोपटा पुलिस ने विद्युत निगम के एसडीओ वीरेंद्र कंबोज की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। एसडीओ की ओर से दी गई शिकायत में बताया कि 3 मार्च की रात्रि को अज्ञात लोगों ने जमाल से बरासरी को जाने वाले फीड की तार चुरा ली। जिसकी कीमत 66576 रुपये है। निगम के एरिया इंचार्ज की ओर से चोरी बारे सूचना दी गई थी। चोपटा पुलिस ने मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है।

### टोहाना में मकान से बिजली के तार चोरी

फतेहाबाद। चोरों ने टोहाना में एक निर्माणाधीन मकान से हजारों रुपये की तारें व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में रविदास मोहल्ला टोहाना निवासी सुखविन्द्र सिंह ने कहा है कि वह अपने मकान को तोडक़र नया मकान बना रहा है। गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसके निर्माणाधीन मकान में घुस गए और वहां से बिजली के तार चोरी कर लिए।

### टोहाना में दुकान से नकदी व सामान चोरी

फतेहाबाद। टोहाना में चोरों ने एक किरयाणे की दुकान में घुसकर वहां से हजारों की नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में टिब्बा बस्ती टोहाना निवासी शीलू ने कहा है कि उसकी चण्डीगढ़ रोड पर पुल के नीचे किरयाणे की दुकान है। गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसकी दुकान में घुस गए और वहां से 5 तेल के टीन, 1 घी का टीन व नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए।

---

### उपायुक्त ने मासिक बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा

# विभागों को सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने का देना होगा प्रमाणपत्र

**उपायुक्त ने विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए विभागों को आपसी समन्वय बनाने के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। जिलाधिकारियों की मासिक बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करती उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस बात का प्रमाण पत्र दें कि उनके विभाग की जमीन पर कोई भी अवैध कब्जा नहीं है। डीसी का कहना है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा होना गंभीर विषय है। अपनी संपत्ति का संरक्षण करना विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी बनती है। अधिकारी अपने-अपने विभागों की जमीनों से अवैध रूप से किए गए कब्जों को तुरंत हटवाए।

विभाग की जमीन पर अगर कब्जा होता है तो संबंधित विभाग का अधिकारी जिम्मेदार होगा। उन्होंने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वे गावों में जोहडों की जमीनों पर विशेष रूप से निगरानी रखें ताकि उनपर अवैध कब्जा न हो सके। उपायुक्त मनदीप कौर वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला अधिकारियों की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में उपायुक्त ने बिंदुवार विभिन्न विभागों के कार्यों व योजनाओं की समीक्षा कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित सभी विभागों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट डीसी के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक में उपायुक्त मनदीप कौर ने सभी विभागीय अधिकारियों से उनके चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और उन्हें निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए विभागों को आपसी समन्वय बनाए रखना होगा और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करना होगा। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

#### अधिकारी व कर्मचारी कार्यस्थल पर धूम्रपान न करें

बैठक में उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रकार की सामाजिक पेंशनों का वितरण सही तरीके से किया जाए। इसके अलावा कोई भी नागरिक किसी भी पेंशन के लिए पात्र है तो उसकी पेंशन सही समय पर बनाई जाए ताकि उनको सरकार की योजनाओं व सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्य स्थल पर धुम्रपान न करें इसके लिए वे अपने विभाग में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे स्कूलों में दिए जाने वाले मीड डे मिल की गुणवत्ता को स्वयं खाकर चैक करें।

#### गांवों व शहरों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

बैठक में उपायुक्त ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जन स्वास्थ्य विभाग व सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि वे गांवों के जलघरों में पानी का भंडारण रखे। गांवों व शहरों में पानी की आपूर्ति निरंतर की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की मांग ज्यादा हो जाती है, इसलिए संबंधित विभाग समय रहते अपने प्रबंध सुनिश्चित करें ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इसके अलावा बिजली विभाग भी गांवों व शहरों में बिजली की आपूर्ति का कार्य सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने महाप्रबंधक रोडवेज को निर्देश दिए कि जिन गांवों में पढने वाली छात्राओं की संख्या ज्यादा है वहां पर परिवहन की बसों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने फूड सप्लाई विभाग को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर राशन डिपूओं की चेकिंग करें ताकि उपभोक्ताओं को सही समय पर गुणवत्तापरक राशन उपलब्ध हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग में आने वाली सीएम विंडों का तुरंत समाधान करें।

---



सिरसा। मॉक ड्रिल में हिस्सा लेते पुलिस जवान। फोटो : हरिभूमि

# आपात स्थिति से निपटने के लिए की मॉकड्रिल

- कानून तोडऩे वालों से सख्ती से निपटा जाए : डीएसपी आदर्श दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

डीएसपी आदर्श दीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन सिरसा में पुलिस जवानों को आपात स्थिति में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने तथा विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए पुलिस के जवानों को को मॉक ड्रिल करवा कर महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए है। डीएसपी आदर्श दीप सिंह ने इस अवसर पर जवानों को संबोधित किया तथा पुलिस जवानों को कानून व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर आधुनिक दंगा विरोधी उपकरणों एवं साजोसामान से सुसज्जित जवानों ने पुलिस लाइन में अभ्यास किया। डीएसपी आदर्श दीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने अभ्यास किया तथा महत्वपूर्ण टिप्स बारे महत्वपूर्ण जानकारी ग्रहण की। विशेष रूप से चलाए गए अभ्यास के तहत पुलिस के जवानों को विषम परिस्थितियों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्रिल कराई गई। पुलिस लाइन में प्रशिक्षकों की टीम ने जवानों को दंगा निरोधक उपकरण जैसे लाठी, डंडा, केन-शील्ड, आंसू गैस तथा वाटर कैनन आदि का बारीकी से अभ्यास कराया। इसके अलावा दंगा निरोधक उपकरणों के रख-रखाव बारे भी बताया। इस अवसर पर कानून व्यवस्था की विषम परिस्थितियों में जवान को आमजन के साथ किस प्रकार का आचरण करे, इसके संबंध में भी अवगत कराया। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

#### पुलिस पूरी तरह तैयार

डीएसपी आदर्श दीप सिंह ने बताया कि सिरसा पुलिस हर प्रकार की विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार व सक्षम है। उन्होंने बताया कि आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस जवानों को समय-समय पर इस प्रकार की ड्रिल करवाई जाती है। उन्होने कहा कि भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार के अभ्यास जारी रहेंगे। कानून व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। ड्रिल अभ्यास के साथ-साथ जवानों को आपदा प्रबंधन के बारे में भी बताया गया। आपातकालीन स्थिति में पुलिस को क्या करना चाहिए तथा किस प्रकार से स्थिति को नियंत्रण में करना चाहिए आदि के बारे में बताया व अभ्यास भी कराया।

---

# गौरैया आशियाना मुहिम हुई शुरू

- विश्व गौरैया दिवस पर पक्षियों को बचाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। गौरैया आशियाना मुहिम के तहत पक्षी घर भेंट करते जिन्दगी संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर प्रमुख सामाजिक संगठन जिन्दगी संस्था ने पक्षियों के संरक्षण हेतु 'चिडिय़ा आशियाना' अभियान की शुरुआत की। इस पहल के तहत लघु सचिवालय में जिला उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, नगर आयुक्त, उपमंडलाधीश सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के आवास पर पक्षी आशियाने लगाए गए। साथ ही एडीआर सेंटर, जिला परिषद और कन्हैया पार्क में भी गौरैया आशियाना लगाए गए। इस अवसर पर उपमंडलाधीश राजेश कुमार ने संस्था के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि गौरैया और अन्य पक्षियों का संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस अभियान से न केवल पक्षियों को सुरक्षित आवास मिलेगा, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह ने बताया कि यह अभियान प्रति वर्ष चलाया जाता है। इस बार भी मार्च महीने के आखिरी दस दिनों विभिन्न स्थानों पर पक्षी घर लगाए जाएंगे। इस अवसर पर पक्षी घर बनाने वाले अमित कुमार के अलावा टीम ज़िन्दगी से मुकेश विक्की भद्रेचा, अमित कालरा, अमरजीत मालवान सहित अन्य मौजूद रहे।

---

# विचार शुद्ध रखने हैं तो आहार शुद्ध लें : राजेंद्रानंद

- बड़ोपल में शुक्रवार सुबह हवन व भंडारे के साथ सम्पन्न होगी श्रीमद् भागवत हरि कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। बड़ोपल गौशाला में प्रवचन करते स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज व भक्तजन।

गांव बड़ोपल की श्री कृष्ण गोशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिवस का आयोजन अत्यंत भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ हुआ। कथा व्यास गो ऋषि स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने दिव्य प्रवचनों से गऊ माता की महिमा का प्रचार किया। स्वामी राजेंद्रानंद ने कहा कि जीवन में विचार शुद्ध होने बहुत जरूरी है ये विचार हमारे आहार से तय होंगे। आहार शुद्ध रखेंगे तो आचरण से लेकर विचार तक सब शुद्ध हो जाएंगे। जब विचार शुद्ध हो गए तो जीवन आनंदमय होने में देर नहीं लगेगी। ऐसे में हमें आहार का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान स्वामी राजेन्द्रानंद ने कहा कि गौ माता केवल सनातन संस्कृति का आधार नहीं, बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड की पालनकर्ता हैं। जिस घर में गो माता की सेवा होती है, वहां सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। उन्होंने श्रद्धालु से आग्रह किया कि घर पर गाय का पालन करेंगे देखे। कुछ ही वर्षों में घर की हालत स्वतः सुधार हो जाएगी। इस दौरान संध्या काल में गौमाता की महाआरती का आयोजन हुआ।

#### आज होगा हवन

गौशाला समिति के प्रधान रामसिंह सिंगड़ ने बताया कि शुक्रवार को कथा के अंतिम दिन सुबह हवन का आयोजन होगा। इसके बाद गोशाला में भंडारे भी चलाया जाएगा। इस बार कथा का आयोजन तीनों भाई कृष्ण बड़ोपलिया, सुभाष कड़वासरा व अशोक वकील ने मिलकर करवाया, इससे गौशाला को लाखों रुपये की मदद मिली। कमेटी ने कड़वासरा परिवार का आभार जताया। इस मौके पर पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा, गांव के सरपंच सुभाष गोड, बलवंत थापन, संतलाल जांगू, आत्माराम गोदारा, बीरसिंह गोदारा हिसार, विष्णु गोदारा हिसार, विकास देहरू, ईश्वर सेठ हिसार, ठेकेदार बजरंग जांगडा व अन्य मौजूद रहे।

---

# केंद्र के इशारे पर काम कर रही पंजाब सरकार

- केंद्र के इशारे पर पंजाब सरकार ने किसानों से किया विश्वासघात : अमित सिहाग

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली



सिरसा। ग्रामीणों से जनसंवाद करते कांग्रेस नेता केवी सिंह व अमित सिहाग।

कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह व पूर्व विधायक अमित सिहाग ने वीरवार को क्षेत्र के गांव जंडवाला बिश्नोईयां, कालूआना, अहमदपुर दारेवाला, गोदीका, बिज्जूवाली, गोरीवाला, मोडी,गंगा, गीदडख़ेड़ा, सुखेराखेड़ा, राजपुरा माजरा आदि गांवों में जाकर कार्यकर्ताओं व नागरिकों से मुलाकात की। इस मौके पर पूर्व विधायक सिहाग ने कहा कि वो हमेशा से कहते आए हैं कि आम आदमी पार्टी भाजपा की बी टीम है और गत रात्रि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा किसानों से की गई बर्बरता इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने केंद्र के इशारे पर किसानों को गिरफ्तार किया तथा खनौरी बॉर्डर पर उनके तंबू उखाड़े। उन्होंने कहा कि बातचीत के लिए गए किसानों को रास्ते में गिरफ्तार करना सरासर नाइंसाफी है और वो उसकी निंदा करते हैं। अमित सिहाग ने कहा कि किसानों से वार्ता कर जहां उनकी मांगों को माना जाना चाहिए था वहीं केंद्र सरकार के इशारे पर पंजाब की भगवंत मान सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात करते हुए उनकी पीठ में छुरा घोंपा है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान कहा करते थे कि किसान केंद्र सरकार से बातचीत करने दिल्ली ना जाएं तो क्या लाहौर जाएं? लेकिन अब उनकी सरकार ने केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर किसानों से विश्वासघात किया।

#### किसानों को रिहा करें

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ केवी सिंह ने कहा कि केंद्र के इशारे पर पंजाब की आप सरकार ने किसानों से धरना प्रदर्शन के संवैधानिक हक को भी छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को तुरंत रिहा करके सरकार को हठधर्मिता छोड़ते हुए किसानों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी मांगों को तुरंत मनाना चाहिए ताकि किसान जल्द घरों में लौट सके।

---

# किसान संगठन ने बनाई रणनीति

- हरियाणा किसान मंच की एक बैठक बाज सिंह प्रधान कुरंगावाली की देखरेख में हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



सिरसा। बैठक में भाग लेते किसान। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा किसान मंच की एक बैठक बाज सिंह प्रधान कुरंगावाली की देखरेख में हुई। बैठक में 26 मार्च को सिंचाई विभाग में किए जाने वाले धरने को लेकर रणनीति बनाई गई। इस मौके पर हरियाणा किसान मंच के प्रदेशाध्यक्ष बाबा गुरदीप सिंह झिड़ी ने कहा कि नहरी पानी की सप्लाई शैड्यूल के मुताबिक करवाने को लेकर हरियाणा किसान मंच द्वारा लगातार संघर्ष जारी है। उन्होंने कहा कि दो बार किसानों की मांगों को लेकर सिंचाई विभाग में पड़ाव डाला जा चुका है। 17 मार्च को पड़ाव डाला गया था, जिसमें अधिकारियों ने एक सप्ताह में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था। किसानों ने भी अधिकारियों को चेताया था कि अगर 25 मार्च तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 26 मार्च से पक्का मोर्चा लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से सरकार के शैड्यूल मुताबिक सप्लाई नहीं दी जा रही, जिस कारण किसानों को नुकसान हो रहा है। सिंचाई पानी समय पर नहीं मिलने से फसल के उत्पादन पर असर पड़ेगा और किसान को मानसिक परेशानी के साथ-साथ आर्थिक परेशानी का भी सामना करना पड़ेगा। इस मौके पर नंबरदार नैब सिंह मलड़ी, मंदर सिंह भीवां, बाजसिंह प्रधान कुरंगावाली व अन्य मौजूद रहे।

---

# जिप चेयरपर्सन ने दी भाजपा के नए जिलाध्यक्ष पजौड़ा को शुभकामनाएं



फतेहाबाद। भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रवीण जौड़ा को जिला परिषद चेयरपर्सन एडवोकेट सुमन खीचड़ और भाजपा नेता सुभाष खीचड़ ने उनकी नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं देते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिले को एक सक्षम और अनुभवी नेतृत्व प्रदान किया है। यह निर्णय निश्चित रूप से संगठन को नई मजबूती देगा और कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करेगा। प्रवीण जौड़ा के जिला अध्यक्ष बनने से फतेहाबाद भाजपा को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। उनके नेतृत्व में जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं को और अधिक मजबूती मिलेगी, जिससे संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मदद मिलेगी। उन्हें पूरा विश्वास है कि प्रवीण जौड़ा जी अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से भाजपा को सुदृढ़ करेंगे और जिले में संगठन को और प्रभावशाली बनाएंगे।

---

### राधा-कृष्ण गोशाला में कथावाचक शीतल संत राजाराम ने दिए प्रवचन

# अहंकार मनुष्य को पतन के रास्ते पर ले जाता है

- संत राजाराम ने कहा कि रावण जैसा कोई विद्वान नहीं था, मगर अहंकार ने रावण जैसे राजा का भी सर्वनाश कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। भिरड़ाना गौशाला में प्रवचन करते संत राजाराम। फोटो : हरिभूमि

गांव भिरडाना की राधा कृष्ण गौशाला में चल रही संगीतमय रामकथा में पुष्कर से पहुंचे कथावाचक शीतल संत राजाराम ने इंसान को विनम्रता से अपना जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अंहकारी इंसान अपने जीवन की बर्बादी के सारे रास्ते खोल देता है। ऐसे इंसान से कोई मिलना भी पसंद नहीं करता है, इसलिए हमें सदा ही विनम्र भाव से सभी से मिलना चाहिए। संत राजाराम ने कहा कि रावण जैसा कोई विद्वान नहीं था, मगर अहंकार ने रावण जैसे राजा का भी सर्वनाश कर दिया। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष भूपसिंह राईका, लूणाराम, गुगन फौजी, गिरधारी राईका, मदनलाल राईका, जसवंत चंदेल, रामसिंह चंदेल, सतीश चंदेल, पूर्णचन्द बजाज, चन्द्र गेरा, अमित कालापीला, एडवोकेट सूरज बजाज, ओमप्रकाश सहारण, प्रभुदयाल राईका आदि मौजूद रहे।

#### स्वास्थ्य व नशे के प्रति किया जागरूक

रामकथा में मंच संचालन सतीश बिश्नोई द्वारा किया गया। रामकथा में हिसार के सुखदा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल से डायरेक्टर अमित आहूजा ने अपने पैतृक गांव पहुंचकर लोगो को बीमारियों से दूर रहने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि पहले बीमारियां इसलिए कम हुआ करती थी, क्योंकि इंसान अपने शरीर से काम करता था, लेकिन आज मशीनीकरण का युग है। ऐसे में हमें रोजाना सैर करनी चाहिए। इसके अलावा अपने खानपान का भी ध्यान रखना चाहिए। वनस्पति की वस्तु खाने से परहेज करना चाहिए। कथा में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक कटोच ने लोगो को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशे में संलिप्त लोगो की पहचान करके उनका सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए।